भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4983

23 जुलाई, 2019 को उत्तरार्थ

**विषय : वर्षा जल संचयन**

**4983. श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुलेः**

**श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरेः**

**श्री धनुष एम. कुमारः**

**श्री कुलदीप राय शर्माः**

**डॉ. हिना विजय कुमार गावीतः**

**डॉ. सुभाष रामराव भामरेः**

**डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हेः**

**क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या किसान गिरते भू-जल स्तर के कारण समस्याओं का सामना कर रहे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार इस संबंध में किसानों को वित्तीय सहायता दे रही है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और कितनी धनराशि जारी की गई है;

(घ) क्या सरकार ने वर्षा जल संचयन में प्रति किसानों में जागरूकता फैलाने और गिरते भू जल स्तर की समस्या के समाधन हेतु कोई कार्यक्रम चलाया है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान वर्षा जल संचयन के लिए किसानों को प्रदान की गई निधियों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)**

**(क):** विभिन्न कार्यकलापों में उपयोगों करने के लिए स्वच्छ जल की बढ़ती मांग, वर्षा की अनियमितता, बढ़ती जनसंख्या, औद्योगीकरण एवं शहरीकरण आदि जैसे कारणों से अनवरत जल निकासी के चलते देश के विभिन्न हिस्सों में भूमिगत जल के स्तर में कमी आ रही है।

केंद्रीय भूमिगत-जल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) देश में प्रेक्षण कुओं के नेटवर्क के माध्यम से क्षेत्रीय स्तर पर वर्ष में चार बार भूमिगत जल की निगरानी करता है। मानसूनपूर्व जल स्तर के आंकड़े (2018) के अनुसार कुछ राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में अलग-अलग पॉकेट के रूप में गहरे भू-जल स्तर (सतही स्तर से 40 मीटर से अधिक नीचे) का प्रेक्षण किया गया है। मानसूनपूर्व अवधि 2018 के दौरान भूमिगत जल की गहराई और कुओं का प्रतिशत संबंधी राज्य-वार विवरण **अनुबंध- I** पर है।

**(ख), (ग) एवं (च):** पानी राज्य का विषय है, वर्षा के जल के संचयन सहित भूमिगत जल का संरक्षण करने के लिए राज्य प्रमुख रूप से उत्तरदायी है।

पीएमकेएसवाई के पनधारा विकास घटक (डब्ल्यूडीसी) के अंतर्गत वर्ष 2009-10 से 2014-15 की अवधि में केंद्रीय हिस्से के रूप में 33642.24 करोड़ से 28 राज्यों (गोवा को छोड़कर) में लगभग 39.07 मिलियन हेक्टेयर

क्षेत्र को कवर करने वाली 8214 पनधारा विकास परियोजनाओं की मंजूरी दी गई है। केंद्रीय हिस्से के रूप में 15683.57 करोड़ रुपये (2009-10 से 2017-18 तक) निर्मुक्त किए गए हैं। वर्ष 2018-19 के दौरान संरक्षित सिंचाई के अंतर्गत 1.86 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को डब्ल्यूडीसी- पीएमकेएसवाई के अंतर्गत लाने का लक्ष्य रखा गया है।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के प्रावधानों में अनुसूची -1, धारा 4 (3), पैरा 4 (1) 'श्रेणी: क: के अनुसार, राष्ट्रीय संसाधन प्रबंधन पैरा (i) से संबंधित सार्वजनिक निर्माण; पेयजल के स्रोतों सहित भू-जल को रिचार्ज करने पर विशेष फोकस करते हुए भूमिगत डाइक, मिट्टी के बांध, पानी रोकने वाले बांध, चेक बांध जैसे भूमिगत जल को बढ़ाने तथा उन्नत करने के लिए जल संरक्षण और जल संचयन अवसंरचनाएँ प्रमुख स्वीकार्य कार्यकलाप हैं। पिछले तीन वर्षों के दौरान आवंटित निधि का राज्यवार विवरण **अनुबंध-II** पर है।

(**घ) और (ड.**): माननीय प्रधान मंत्री ने जल संरक्षण तथा वर्षा जल के संचयन के महत्व का उल्लेख करते हुए सभी सरपंचों को दिनांक 08.06.2019 को एक पत्र लिखा है और जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने के लिए सभी उपयुक्त उपाय करने के लिए उनका आह्वान किया है। इसके अलावा, भारत सरकार ने जल शक्ति अभियान की शुरूआत की है, जो एक समयबद्ध अभियान है और जिसे पानी के अभाव वाले ब्लॉक में भूमिगत जल की स्थिति सहित जल की उपलब्धता को सुधारने के प्रयोजन से मिशन मोड में शुरू किया गया है। शुरू की गई अन्य महत्वपूर्ण पहलें निम्नलिखित यूआरएल पर उपलब्ध है: http://mowr.gov.in/sites/default/files/Steps_to_control_water_depletion_Jun2019.pdf

अनुबंध- I

लो.स.अता.प्र.सं.4983

मानसूनपूर्व 2018 की अवधि में कूओं के जल स्तर की गहराई तथा कुओं का प्रतिशत संबंधी राज्य-वार विवरण

| | | | जल स्तर की गहराई (एमबीजीएल) | | निम्नलिखित श्रेणी के जल स्तर (एमबीजीएल) की गहराई दर्शाने वाले कुओं की संख्या एवं प्रतिशत | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | विश्लेषित किए गए कुओं की सं. | | | 0-2 | | 02-मई | | 05-अक्तू. | | अक्तू -20 | | 20-40 | | > 40 | |
| क्र.सं. | राज्यों का नाम | | न्यून. | अधि. | सं. | % | सं. | % | सं. | % | सं. | % | सं. | % | सं. | % |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप | 104 | 0.06 | 7.3 | 84 | 81 | 18 | 17 | 2 | 1.9 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 718 | 0.09 | 49.3 | 59 | 8.22 | 319 | 44.43 | 250 | 34.8 | 83 | 11.56 | 5 | 0.7 | 2 | 0.28 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 8 | 2.27 | 11.58 | 0 | 0 | 5 | 62.5 | 1 | 12.5 | 2 | 25 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | असम | 155 | 0.18 | 18.83 | 35 | 22.58 | 91 | 58.71 | 25 | 16.13 | 4 | 2.58 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | बिहार | 642 | 0.53 | 15.8 | 12 | 1.87 | 257 | 40.03 | 335 | 52.18 | 38 | 5.92 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | चंडीगढ़ | 9 | 4.29 | 42.38 | 0 | 0 | 1 | 11.11 | 2 | 22.22 | 3 | 33.33 | 2 | 22.22 | 1 | 11.11 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 490 | 1.3 | 34.1 | 8 | 1.63 | 89 | 18.16 | 302 | 61.63 | 83 | 16.94 | 8 | 1.63 | 0 | 0 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 17 | 3.02 | 15.91 | 0 | 0 | 5 | 29.41 | 8 | 47.06 | 4 | 23.53 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | दमन और दीव | 10 | 3.24 | 11.8 | 0 | 0 | 2 | 20 | 7 | 70 | 1 | 10 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | दिल्ली | 82 | 0.71 | 65 | 1 | 1.22 | 16 | 19.51 | 16 | 19.51 | 24 | 29.27 | 16 | 19.51 | 9 | 10.98 |
| 11 | गोवा | 70 | 0.86 | 14.95 | 6 | 8.57 | 29 | 41.43 | 26 | 37.14 | 9 | 12.86 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 12 | गुजरात | 758 | 0.54 | 62.2 | 15 | 1.98 | 127 | 16.75 | 254 | 33.51 | 264 | 34.83 | 92 | 12.14 | 6 | 0.79 |
| 13 | हरियाणा | 284 | 1.28 | 81.83 | 8 | 2.82 | 54 | 19.01 | 77 | 27.11 | 78 | 27.46 | 57 | 20.07 | 10 | 3.52 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 86 | 0.56 | 28.56 | 6 | 6.98 | 33 | 38.37 | 27 | 31.4 | 17 | 19.77 | 3 | 3.49 | 0 | 0 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 252 | 0.75 | 35.5 | 18 | 7.14 | 112 | 44.44 | 84 | 33.33 | 28 | 11.11 | 10 | 3.97 | 0 | 0 |
| 16 | झारखंड | 260 | 0.74 | 18.92 | 4 | 1.54 | 41 | 15.77 | 179 | 68.85 | 36 | 13.85 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 17 | कर्नाटक | 1343 | 0.22 | 30.7 | 140 | 10.42 | 353 | 26.28 | 540 | 40.21 | 294 | 21.89 | 16 | 1.19 | 0 | 0 |
| 18 | केरल | 1441 | 0.09 | 65.4 | 96 | 6.66 | 424 | 29.42 | 627 | 43.51 | 267 | 18.53 | 24 | 1.67 | 3 | 0.21 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 1330 | 0.9 | 40.25 | 16 | 1.2 | 144 | 10.83 | 587 | 44.14 | 525 | 39.47 | 57 | 4.29 | 1 | 0.08 |
| 20 | महाराष्ट्र | 1646 | 0.01 | 55.1 | 73 | 4.43 | 282 | 17.13 | 768 | 46.66 | 463 | 28.13 | 57 | 3.46 | 3 | 0.18 |
| 21 | मेघालय | 22 | 0.2 | 5.06 | 2 | 9.09 | 18 | 81.82 | 2 | 9.09 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 22 | ओडिशा | 1261 | 0.12 | 15.73 | 142 | 11.26 | 540 | 42.82 | 540 | 42.82 | 39 | 3.09 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 23 | पांडिचेरी | 5 | 2.35 | 3.08 | 0 | 0 | 5 | 100 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 24 | पंजाब | 225 | 0.45 | 42.18 | 9 | 4 | 34 | 15.11 | 50 | 22.22 | 61 | 27.11 | 68 | 30.22 | 3 | 1.33 |
| 25 | राजस्थान | 994 | 0.27 | 114 | 21 | 2.11 | 104 | 10.46 | 224 | 22.54 | 257 | 25.86 | 187 | 18.81 | 201 | 20.22 |
| 26 | तमिलनाडु | 529 | 0 | 82.6 | 28 | 5.29 | 138 | 26.09 | 213 | 40.26 | 118 | 22.31 | 19 | 3.59 | 13 | 2.46 |
| 27 | तेलंगाना | 575 | 0.11 | 69.5 | 22 | 3.83 | 105 | 18.26 | 228 | 39.65 | 173 | 30.09 | 41 | 7.13 | 6 | 1.04 |
| 28 | त्रिपुरा | 25 | 0.17 | 6.75 | 7 | 28 | 12 | 48 | 6 | 24 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 29 | उत्तर प्रदेश | 567 | 0.74 | 39.35 | 6 | 1.06 | 147 | 25.93 | 258 | 45.5 | 131 | 23.1 | 25 | 4.41 | 0 | 0 |
| 30 | उत्तराखंड | 31 | 2.86 | 72.58 | 0 | 0 | 9 | 29.03 | 11 | 35.48 | 7 | 22.58 | 2 | 6.45 | 2 | 6.45 |
| 31 | पश्चिम बंगाल | 652 | 0.4 | 27.12 | 54 | 8.28 | 232 | 35.58 | 237 | 36.35 | 106 | 16.26 | 23 | 3.53 | 0 | 0 |
| कुल | | **14591** | | | **872** | **5.98** | **3746** | **25.67** | **5886** | **40.34** | **3115** | **21.35** | **712** | **4.88** | **260** | **1.8** |

**अनुबंध- II**

**लो.स.अता.प्र.सं.4983**

**मनरेगा के अंतर्गत राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को निर्मुक्त निधि (2016-17 से 2019-20)**

(रूपये लाख में)

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2016-17 * | 2017-18 # | 2018-19 $ | 2019-20 (02.07.2019 तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 394021.193 | 512763.000 | 761458.36 | 324686.13 |
| 2. | अरुणाचल प्रदेश | 15675.987 | 20679.650 | 19800.64 | 10756.62 |
| 3. | असम | 125459.790 | 112366.538 | 105037.23 | 72973.98 |
| 4. | बिहार | 166740.556 | 246888.442 | 289194.25 | 116910.18 |
| 5. | छत्तीसगढ़ | 223193.550 | 289885.207 | 308997.05 | 133643.47 |
| 6. | गुजरात | 64323.810 | 82505.071 | 106079.98 | 34925.14 |
| 7. | हरियाणा | 28771.330 | 30140.644 | 35625.15 | 6446.88 |
| 8. | हिमाचल प्रदेश | 38860.834 | 58684.461 | 78034.36 | 16999.35 |
| 9. | जम्मू और कश्मीर | 80408.520 | 125417.690 | 79334.12 | 75829.87 |
| 10. | झारखंड | 167914.171 | 135264.566 | 154629.50 | 40902.88 |
| 11. | कर्नाटक | 225864.879 | 295632.542 | 304975.56 | 196212.96 |
| 12. | केरल | 158248.959 | 185406.396 | 235473.91 | 153941.22 |
| 13. | मध्य प्रदेश | 344891.617 | 376889.916 | 470364.71 | 178346.97 |
| 14. | महाराष्ट्र | 165708.925 | 185828.742 | 201918.84 | 61632.56 |
| 15. | मणिपुर | 34370.410 | 15778.890 | 28698.66 | 18142.18 |
| 16. | मेघालय | 86069.230 | 87060.440 | 79654.70 | 22228.69 |
| 17. | मिजोरम | 14451.260 | 20081.040 | 40288.92 | 22362.07 |
| 18. | नागालैंड | 50152.800 | 110492.875 | 19560.20 | 24275.77 |
| 19. | ओडिशा | 189526.844 | 219834.665 | 222418.39 | 48920.61 |
| 20. | पंजाब | 49073.460 | 61895.859 | 60000.32 | 28085.58 |
| 21. | राजस्थान | 481816.863 | 472828.409 | 549230.58 | 292499.21 |
| 22. | सिक्किम | 13262.560 | 10571.148 | 9762.58 | 1551.45 |
| 23. | तमिलनाडु | 455277.907 | 583166.132 | 498193.66 | 214711.20 |
| 24. | तेलंगाना | 180684.744 | 253920.331 | 297094.62 | 115205.41 |
| 25. | त्रिपुरा | 101629.140 | 40440.497 | 44462.89 | 16933.05 |
| 26. | उत्तर प्रदेश | 391584.937 | 369177.652 | 547575.02 | 150257.63 |
| 27. | उत्तराखंड | 51435.079 | 71685.063 | 61194.75 | 13553.90 |
| 28. | पश्चिम बंगाल | 537722.785 | 592702.953 | 737344.61 | 384642.88 |
| 29. | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 801.395 | 966.068 | 761.93 | 186.98 |
| 30. | दादरा और नगर हवेली | 0.000 | 0.000 | 484.00 | 0.00 |
| 31. | दमन और दीव | 0.000 | 0.000 | 0.00 | 0.00 |
| 32. | लक्षद्वीप | 0.000 | 26.710 | 15.97 | 11.91 |
| 33. | पुडुचेरी | 346.917 | 1569.028 | 1475.36 | 91.33 |
| 34. | गोवा | 425.850 | 56.050 | 48.83 | 144.28 |
| | कुल | 4838716.305 | 5570606.675 | 6259189.67 | 2778012.35 |

*वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान सभी एनईएफएमएस राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के विफल एफटीओ के 56268.00 लाख रूपये सहित

# वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान विफल लेनदेन की राशि के कारण मजदूरी व्यय के एवज में कटौती किए गए 136890.498 रूपये सहित राशि पुन: क्रेडिट कर दी गई।

$ वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान विफल लेनदेन के 156046.92 लाख रूपये सहित

*****